# केन-बेतवा परियोजना के प्रभावितों ने मांगा मुआवजा

## जनसुनवाई में भुगतान में देरी पर जताई नाराजगी

**छतरपुर, 2 जून केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित ग्राम ढोढन के ग्रामीण मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे और अपनी समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया. ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की कि सभी पात्र परिवारों को शीघ्र एवं उचित मुआवजा प्रदान किया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक और सामाजिक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े.**



### 200 परिवारों के प्रभावित होने का दावा

ग्रामीणों का आरोप है कि परियोजना से प्रभावित कई परिवार अब भी मुआवजे से वंचित हैं, जबकि उनके मकानों को हटाने और ध्वस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. इससे प्रभावित लोगों के सामने आवास और आजीविका का संकट खड़ा हो गया है. ग्राम निवासी दीपचंद्र यादव ने बताया कि उनके पिता का ऑपरेशन होना है, लेकिन मुआवजा राशि न मिलने के कारण परिवार आर्थिक परेशानी से जूझ रहा है. उन्होंने कहा कि प्रशासन ने लाभ दिलाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक भुगतान नहीं हुआ. वहीं खिलन यादव ने बताया कि गांव के लगभग 200 परिवार परियोजना से प्रभावित हैं. उनका कहना है कि अधिकांश परिवारों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है, जबकि मकान हटाने के आदेश जारी किए जा चुके हैं. ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पुनर्वास और मुआवजा प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए.

### प्रभावितों से मिले विधायक राजेश शुक्ला



बिजावर. विधायक राजेश शुक्ला ने मंगलवार को अपने निवास पर केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित ग्राम घुंघरी के ग्रामीणों से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं, चिंताएं और सुझाव विस्तार से सुने. ग्रामीणों ने परियोजना के कारण होने वाले विस्थापन, मुआवजा और पुनर्वास से जुड़े विभिन्न मुद्दे विधायक के समक्ष रखे. विधायक ने प्रभावित परिवारों को आश्वस्त किया कि उनके अधिकारों की रक्षा और न्यायपूर्ण पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे. उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के साथ-साथ प्रभावित लोगों के हितों का संरक्षण भी जरूरी है. ग्रामीणों की समस्याओं को संबंधित विभागों और शासन स्तर तक पहुंचाकर समाधान कराने का भरोसा भी दिया गया.



# सेवानिवृत्त एएनएम को दी विदाई

**महाराजपुर, 2 जून.** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महाराजपुर में पदस्थ एएनएम राजकुमारी चौरसिया के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया.

कार्यक्रम में अस्पताल के चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों और कर्मचारियों ने उनके लंबे सेवाकाल की सराहना करते हुए सम्मानपूर्वक विदाई दी. समारोह के दौरान वक्ताओं ने राजकुमारी चौरसिया द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद किया और उनके समर्पण की प्रशंसा की. सहकर्मियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ, सुखद और उज्ज्वल भविष्य की कामना की. कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने उनके कार्यकाल से जुड़े अनुभव साझा किए और समाज तथा स्वास्थ्य विभाग के प्रति उनकी सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया.

## घर पर पथराव, कार में तोड़फोड़ की


**छतरपुर., 2 जून.** बड़ामलहरा नगर के वार्ड क्रमांक 8 में दबंगों द्वारा घर पर पथराव और कार में तोड़फोड़ किए जाने का मामला सामने आया है. पीड़िता भारतीबाई राय ने आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने उनके घर को निशाना बनाते हुए पथराव किया और बाहर खड़ी कार को क्षतिग्रस्त कर दिया.मंगलवार को भारतीबाई राय अपनी बहू के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचीं और मामले की शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की. उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है. पीड़िता का कहना है कि घटना से परिवार भय और असुरक्षा के माहौल में है.

# जेईई एडवांस्ड में चमके छतरपुर के दो छात्र

## अरिहन मोर और ओम गुप्ता की शानदार सफलता

**छतरपुर, 2 जून.** देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस्ड 2026 के परिणाम घोषित होने के साथ ही छतरपुर जिले में खुशी और गर्व का माहौल है. जिले के दो प्रतिभाशाली छात्रों, नौगांव के अरिहन मोर और छतरपुर के ओम गुप्ता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर आईआईटी में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त किया है.

नौगांव निवासी अरिहन मोर ने अपने पहले ही प्रयास में अखिल भारतीय स्तर पर 8415वीं रैंक प्राप्त की है. अरिहन ने इंदौर में रहकर परीक्षा की तैयारी की और कड़ी मेहनत, अनुशासन तथा लगन के बल पर यह सफलता हासिल की. उनकी उपलब्धि पर परिवार और नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है. वहीं छतरपुर के ओम गुप्ता ने दोहरी सफलता हासिल करते हुए सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए और जेईई एडवांस्ड में ऑल इंडिया रैंक 4726 अर्जित की. ओम की इस उपलब्धि ने जिले को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है. दोनों छात्रों की सफलता पर परिजनों, शिक्षकों, व्यापारिक संगठनों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं.






OM GUPTA

# 6 पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज

## ■ 28 मई को युवक ने खाया था सल्फास ■ कर्ज, धमकी से परेशान होकर उठाया था कदम

**छतरपुर, 2 जून. ओरछा रोड थाना क्षेत्र की श्रीराम कॉलोनी में 28 मई को सल्फास खाकर आत्महत्या करने वाले राजेश अग्रवाल के मामले में अब कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं.**

पुलिस जांच के दौरान मिले सुसाइड नोट, मोबाइल रिकॉर्डिंग और परिजनों के बयानों के आधार पर छह लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है.

मृतक राजेश अग्रवाल (50) मूल रूप से झांसी जिले के बरुआसागर के निवासी थे और छतरपुर में किराये के मकान में रह रहे थे. 28 मई को कमरे का दरवाजा तोड़ने पर उनका शव बरामद हुआ था. मौके से सल्फास की डिब्बी और एक सुसाइड नोट भी मिला था.

सुसाइड नोट में राजेश ने लिखा है कि ऑनलाइन एमसीएक्स कारोबार में हुए भारी नुकसान के बाद वह करीब 10 लाख रुपये के कर्ज में डूब गए थे. उन्होंने कुछ लोगों पर लगातार दबाव बनाने, धमकियां देने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं. मृतक ने शहर में संचालित कथित अवैध सट्टा कारोबार का भी उल्लेख करते हुए इसकी जांच की मांग की थी.

परिजनों के बयानों के आधार पर पुलिस ने रोहित उर्फ छोटू पटेरिया, अनवर खान, शरद अग्रवाल, सुरेश नगरिया, कल्लू कलई और मोनू उर्फ दीपक अग्रवाल के खिलाफ मामला दर्ज किया है. पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है और पूरे मामले की गहन जांच कर रही है.




## एक नजर में



### करंट की चपेट में आई महिला, बची जान

**गौरिहार.** बंसिया थाना क्षेत्र के पचवारा गांव में बीती शाम एक महिला खेत की मेड़ पर प्रवाहित किए गए अवैध विद्युत करंट की चपेट में आकर घायल हो गई. जानकारी के अनुसार रामबाई पटेल अपनी बकरियां चराकर घर लौट रही थीं. इसी दौरान खेत की मेड़ पर लगाए गए करंट वाले तार से उनका हाथ छू गया. करंट लगते ही महिला बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी. घटना के समय आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल मदद की. बताया जा रहा है कि उसी समय बिजली आपूर्ति बंद हो जाने से बड़ा हादसा टल गया और महिला की जान बच गई. घटना के बाद ग्रामीणों में नाराजगी है. लोगों ने खेतों में अवैध रूप से करंट प्रवाहित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है. मामले की जानकारी संबंधित विभाग और पुलिस को दी गई है.

### विकास कार्यों से बनाई अलग पहचान



**घुवारा.** ग्राम पंचायत हलावनी की सरपंच अनामिका यादव अपने विकास कार्यों के कारण क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई हैं. ग्रामीणों के अनुसार उनके कार्यकाल में पंचायत में दो करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराए गए हैं. पंचायत क्षेत्र में सीसी सड़क निर्माण, पुलिया निर्माण तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है. इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने के लिए भी सक्रिय प्रयास किए गए हैं. ग्रामीणों का कहना है कि अनामिका यादव सामाजिक और जनहित के कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेती हैं. कम उम्र में सरपंच पद की जिम्मेदारी संभालते हुए उन्होंने विकास और जनसेवा के माध्यम से अपनी अलग पहचान बनाई है, जिससे पंचायत क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं.

# कॉलोनी के रास्ते पर किया कब्जा

**नवभारत न्यूज**

**चंदला, 2 जून. लवकुशनगर वार्ड नंबर 1 विधायक कॉलोनी में कथित रूप से आम रास्ते पर अतिक्रमण कर रास्ता बंद करने का मामला सामने आया है.**

### अनुविभागीय अधिकारी को शिकायत

स्थानीय रहवासियों का कहना है कि कई वर्षों से सार्वजनिक रास्ता खुला चला आया है, जो मैप में भी दर्ज है. 29 मई 2026 को दबंग सुषमा चंसोरिया पति अशोक चंसोरिया ने जबरन कब्जा कर मकान की नींव डाल दी है, जिससे वह रास्ता पूरी तरह से प्रभावित हो गया है. स्थानीय लोगों को आवागमन में बड़ी परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है. अब रास्ता बाधित होने के कारण लोगों वैकल्पिक लंबा रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है. स्थानीय रहवासियों नागरिकों ने अनुविभागीय अधिकारी लवकुशनगर को शिकायत देकर अतिक्रमण हटाने की मांग की, लेकिन अभी आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है. वार्ड वासियों का कहना है कि यदि जल्द ही इस अतिक्रमण को रोक कर नहीं हटाया गया तो जनांदोलन का रास्ता भी अपनाया जा सकता है जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी.



## गर्मी में गर्म पानी पीने को मजबूर उपभोक्ता

**चंदला, 2 जून.** भीषण गर्मी के बीच भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की चंदला शाखा में ग्राहकों के लिए पीने के पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है. बैंक में रोजाना अपने कार्यों के लिए आने जाने वाले सैकड़ों उपभोक्ताओं को गर्म तथा गंदा पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है. ग्राहकों का आरोप है कि शाखा में लंबे समय से वाटर कूलर की व्यवस्था नहीं है. बैंक परिसर में रखे गए पानी के कैम्पर अधिकांश समय खाली पड़े रहते हैं, जबकि लोगों को छत पर धूप में रखी पानी की टंकी से पाइप के माध्यम से आने वाला गर्म पानी पीकर प्यास बुझानी पड़ रही है.

# 7 आदतन अपराधी गुंडा सूची में शामिल

## अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस का अभियान लगातार जारी

**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 2 जून. जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से छतरपुर पुलिस लगातार आदतन अपराधियों पर निगरानी रख रही है.**

### विभिन्न थाना क्षेत्रों के बदमाशों पर विशेष निगरानी

इसी क्रम में मई 2026 में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 7 आदतन अपराधियों को गुंडा सूची में शामिल किया गया है. पुलिस का कहना है कि इन व्यक्तियों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर उन्हें थानों में बुलाकर सत्यापन और पूछताछ की जाएगी.

> **कानून व्यवस्था भंग करने पर होगी कड़ी कार्रवाई**
>
> पुलिस अधिकारियों के अनुसार इन सभी व्यक्तियों के खिलाफ पूर्व में विभिन्न आपराधिक प्रकरण दर्ज रहे हैं और उनकी गतिविधियों को देखते हुए उन्हें गुंडा सूची में शामिल करने की कार्रवाई की गई है. छतरपुर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा कानून-व्यवस्था भंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में चल रही कार्रवाई के तहत थाना महाराजपुर क्षेत्र के उत्तम सिंह परमार निवासी सैला, सुंदरम चौरसिया एवं दीपक उर्फ भूरे चौरसिया निवासी पुराना बाजार महाराजपुर को गुंडा सूची में दर्ज किया गया है. वहीं थाना लवकुशनगर क्षेत्र के राजकिशोर कुशवाहा निवासी बगमऊ तथा प्रांशु उर्फ आनंद पाल निवासी पटना खोड़ा को भी सूची में शामिल किया गया है. इसके अलावा थाना कोतवाली क्षेत्र के राजकुमार उर्फ राजू राठौर निवासी अमानगंज मोहल्ला तथा थाना ओरछा रोड क्षेत्र के मुलायम सिंह यादव निवासी धामची को भी गुंडा बदमाश घोषित किया गया है.

# छतरपुर में जनगणना का प्रथम चरण पूरा

## 30 दिन में घर-घर पहुंची टीम

**छतरपुर 2 जून.** 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत जिले में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (एचएलओ) का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है. प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में 1 से 30 मई तक चले इस विशेष अभियान के दौरान प्रगणकों और पर्यवेक्षकों ने घर-घर जाकर डिजिटल माध्यम से जानकारी एकत्रित की.

अभियान के तहत जिले भर में मकानों की स्थिति, परिवारों को उपलब्ध सुविधाओं तथा अन्य अधिसूचित 33 बिंदुओं से संबंधित जानकारी मकान सूचीकरण ऐप के माध्यम से दर्ज की गई. इस बार पूरी प्रक्रिया को डिजिटल तकनीक से संचालित किया गया, जिससे आंकड़ों का संग्रहण और निगरानी अधिक प्रभावी ढंग से हो सकी.जनगणना कार्य की मॉनिटरिंग सीएमएमएस पोर्टल के माध्यम से चार्ज और जिला स्तर पर लगातार की गई. जिले में कुल 28 चार्ज बनाए गए थे, जिनमें 15 नगरीय निकाय और 13 तहसीलें शामिल रहीं. इसके लिए 3689 मकान सूचीकरण ब्लॉक निर्धारित किए गए थे.

> अब जनगणना 2027 के दूसरे चरण के तहत फरवरी 2027 में जनसंख्या गणना का कार्य किया जाएगा, जिसमें जिले के प्रत्येक नागरिक से संबंधित विस्तृत जानकारी एकत्रित की जाएगी.

अभियान में 4200 से अधिक शासकीय कर्मचारियों ने प्रगणक एवं पर्यवेक्षक के रूप में जिम्मेदारी निभाई, जबकि लगभग 500 कर्मचारियों को रिजर्व रखा गया था. प्रशासन ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के सहयोग से निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण होने पर संतोष व्यक्त किया है.

### बिजली शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

कलेक्ट्रेट स्थित जिला नियंत्रण कक्ष में विद्युत शिकायतों से संबंधित जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है. उपभोक्ता दूरभाष नम्बर 07682-245376 पर बिजली आपूर्ति, कटौती, लो-वोल्टेज, ट्रांसफार्मर खराब होने अथवा अन्य विद्युत समस्याओं से संबंधित शिकायतें शिकायतें दर्ज करा सकते हैं. पूर्व में जो क्षेत्रवार नम्बर जारी किए गए थे वह भी सक्रिय है.

**धर्म** | **मंगलवार को लाखों श्रद्धालु पहुंचे बागेश्वर धाम, बालाजी सरकार के दर्शन के लिए लगीं लंबी कतारें**

# 45 डिग्री गर्मी में भी बागेश्वर धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

**छतरपुर, 2 जून.** बुंदेलखंड सहित पूरे देश में पड़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच ज्येष्ठ माह के पांचवें मंगलवार को बागेश्वर धाम में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला. 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास तापमान रहने के बावजूद लाखों श्रद्धालु बालाजी सरकार के दर्शन और विशेष पेशी में शामिल होने के लिए धाम पहुंचे.

सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लग गई थीं. श्रद्धालुओं ने दर्शन, पूजन और परिक्रमा कर अपनी अर्जी बालाजी सरकार के चरणों में अर्पित की.



इस बार श्रद्धालुओं की भारी भीड़ का एक प्रमुख कारण बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की धाम में मौजूदगी भी रही. बद्रीनाथ प्रवास और धार्मिक अनुष्ठानों के बाद उनके बागेश्वर धाम लौटने से भक्तों में विशेष उत्साह देखा गया. दूर-दराज राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु धाम पहुंचे. भीषण गर्मी को देखते हुए धाम प्रबंधन ने व्यापक व्यवस्थाएं की हैं. परिसर में कूलर, पंखे, वाटर कूलर और पेयजल की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं. परिक्रमा मार्ग पर गीली जूट की चटाइयां बिछाई गई हैं ताकि श्रद्धालुओं को गर्म जमीन से राहत मिल सके. इसके अलावा श्रद्धालुओं के विश्राम के लिए विशाल शेड का निर्माण भी किया जा रहा है. बढ़ती भीड़ के बीच धाम में सुरक्षा, पेयजल और आवास संबंधी व्यवस्थाओं को और मजबूत किया जा रहा है.

# दुष्कर्म मामले का वारंटी गिरफ्तार

## 'न्याय पथ अभियान' के तहत लवकुशनगर पुलिस की कार्रवाई

**छतरपुर, 2 जून.** पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे 'न्याय पथ अभियान' के तहत लवकुशनगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने वर्ष 2016 के दुष्कर्म प्रकरण में फरार चल रहे 7 हजार रुपए के इनामी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है.

पुलिस के अनुसार थाना लवकुशनगर क्षेत्र में दर्ज दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी पिछले 10 वर्षों से फरार था. आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे. अभियान के दौरान पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी अरुण चौधरी पिता घस्सी चौधरी, निवासी ग्राम उचेहरा जिला सतना को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तारी के बाद आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में लंबे समय से फरार आरोपियों और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं. यह कार्रवाई एसडीओपी नवीन दुबे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय अंबे, प्रधान आरक्षक ओमपाल सिंह, दीपक चतुर्वेदी तथा आरक्षक विकास सिंह की टीम द्वारा की गई.

